समाचार

निगम के 08 अधिकारियों को मिली पदोन्नति

कोरबा 12 फरवरी 2021 –नगर पालिक निगम कोरबा के 08 अधिकारियों को आज पदोन्नति दी गई हैं। आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने इन अधिकारियों का पदोन्नति आदेश जारी किया है। इन अधिकारियों की पदोन्नति हेतु माह सितम्बर में डी.पी.सी.की अनुशंसा एवं मेयर इन काउंसिल के अनुमोदन के पश्चात शासन को स्वीकृति हेतु भेजा गया था, शासन की स्वीकृति प्राप्त हो जाने के पश्चात आज पदोन्नत आदेश जारी किए गए हैं।

जारी पदोन्नति आदेश के अनुसार कार्यपालन अभियंता श्री एम.के.वर्मा को अधीक्षण अभियंता के पद पर पदोन्नति दी गई है, वहीं सहायक लेखाधिकारी श्री आनंद गुप्ता को लेखाधिकारी पद पर पदोन्नति मिली है। इसी प्रकार निगम सचिव श्री पवन कुमार वर्मा को उपायुक्त के पद पर तथा सहायक अभियंता विनोद कुमार शांडिल्य को कार्यपालन अभियंता सिविल के पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई है। सम्पत्तिकर अधिकारी श्री श्रीधर बनाफर को संपदा अधिकारी के पद पर पदोन्नति मिली है, वहीं उप अभियंता श्री प्रकाश चन्द्रा, श्री हृदयराम बघेल, श्री अखिलेश्वर प्रसाद शुक्ला को सहायक अभियंता (सिविल) के पद पर पदोन्नति दी गई है।